एक नजर में

## संकल्प से समाधान अभियान में कैंसर पीड़ित को मिली राहत




**आलीराजपुर ।** संकल्प से समाधान अभियान के दौरान ग्राम गड़ात निवासी कालू पिता जुवान सिंह वास्केल ने कलेक्टर के समक्ष अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण उनके उपचार में काफी परेशानी आ रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ित को रेड क्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि उपचार में आ रही कठिनाइयों को दूर किया जा सके। कलेक्टर ने यह भी कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## कलेक्टर द्वारा स्थानीय अवकाश घोषित

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग - 02 के अनुक्रमांक 4 के नियम 8 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2026 में संपूर्ण जिला अलीराजपुर हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किये है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार 25 सितंबर 2026 को अनंत चतुर्दशी ,11 नवंबर 2026 को भाई दूज एवं 04 दिसंबर 2026 को क्रांतिसूर्य टंट्या भील बलिदान दिवस का स्थानीय अवकाश सम्पूर्ण जिले के लिए घोषित किया गया है

## संक्रांति पर्व पर नायलॉन धागे पर प्रतिबंध, मुनादी कराई गई



**आलीराजपुर ।** संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नगरीय विकास अभिकरण अधिकारी श्री मनोज गरवाल ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में संक्रांति पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जनमानस एवं अन्य जीवों की सुरक्षा के लिए नायलॉन धागे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंध के प्रभावी क्रियान्वयन एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी कराई गई। मुनादी के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे नायलॉन धागे का उपयोग न करें, क्योंकि इससे मनुष्यों, पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को गंभीर चोट पहुंचने की आशंका रहती है। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पारंपरिक एवं सुरक्षित धागों का ही उपयोग करें तथा संक्रांति पर्व को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं।

## सेंट्रल स्कूल निर्माण हेतु चयनित भूमि का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**आलीराजपुर ।** कलेक्टर नीतू माथुर ने सेंट्रल स्कूल (केन्द्रीय विद्यालय) के निर्माण हेतु चयनित भूमि गड़ात स्थित भूमि स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि की स्थिति, पहुंच मार्ग, उपलब्ध सुविधाओं एवं निर्माण की संभावनाओं का जायजा लेकर आगामी कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

## मिट्टी के बर्तन में खीर-पुड़ी रख मनाया कुंडे का त्योहार युवाओं और बच्चों में दिखा विशेष उत्साह



**झाबुआ।** 12 जनवरी, सोमवार को मुस्लिम बहुल इलाकों में कुंडे का त्यौहार मनाया गया। त्यौहार मना रहे समाजजनों ने घर-घर खीर-पूड़ी बनाकर फातेहा पढ़ी। हजरत इमाम जाफर अलैहिस्सलाम की याद में हर साल यह त्योहार मनाया जाता है। इस दिन खीर-पूड़ी बनाकर कुंडे में रखने के बाद फातेहा पढ़कर मांगी गई मुराद पूरी होती है। जिले के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों के घरों में मिट्टी के बर्तन में खीर-पुड़ी और लजीज व्यंजन रखकर कुंडे भरे गए। महिलाओं ने आधी रात में खीर, पूड़ी और अन्य पकवान बनाए। सुबह फातेहा के बाद लोग एक-दूसरे के घर गए और खीर-पूड़ी का लुत्फ उठाया। बच्चें सुबह से ही सज-धज कर टोली बनाकर एक-दूसरे के घर पहुंचे और पकवानों का आनंद लिया। सुबह से दोपहर तक यह सिलसिला चला। इस दौरान बच्चों एवं युवाओं की टोलियों में विशेष उत्साह नजर आया।

# स्वामी विवेकानंद का जीवन और आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है : डॉ . त्रिवेदी

- अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

**झाबुआ। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 जनवरी, सोमवार को स्वामी विवेकानंदजी की जयंती को समर्पण दिवस के रूप में स्थानीय नेहरू मार्ग पर प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर स्थित धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ ग्राहक जागरण के संबंध में भी अपने विचार रखे।**



कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अभा ग्राहक पंचायत के वरिष्ठ सदस्य डॉ. केके त्रिवेदी एवं जयेन्द्र बैरागी, जिलाध्यक्ष अखिल त्रिवेदी तथा जिला संयोजक सज्जनसिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वतीजी, स्वामी विवेकानंदजी एवं भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बाद स्वागत उद्बोधन अभा ग्राहक पंचायत जिला सचिव अश्विन शर्मा ने देते हुए बताया कि ग्राहक पंचायत द्वारा देशभर में स्वामी विवेकानंद जयंती को समर्पण दिवस के रूप में मनाने के साथ ग्राहक पंचायत के प्रबोधन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राहक जागरण में समाज की भूमिका और हमारा ध्येय विषय पर व्याख्यान होने के साथ इस दिन समर्पण राशि का एकत्रितकरण भी किया जाता है। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि संगठन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. केके त्रिवेदी ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन आदर्शों और प्रेरणाओं से भरा हुआ है। विशेषकर आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। स्वामीजी का जीवनकाल आज भी प्रासंगिक है। आपने कहा था कि 'उठो, जागों और तब तक लड़ों, जब तक जीवन में सफलता और लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होती है'। अभा ग्राहक पंचायत वरिष्ठ सदस्य जयेन्द्र बैरागी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन ने ग्राहकों के जागरण एवं जन-जागरूकता संबंधी कार्यक्रम किए जाने पर जोर दिया।

### राशि संग्रहण की गई

कार्यक्रम पश्चात् उपस्थित संगठन के समस्त पदाधिकारी-सदस्यों से समर्पण दिवस के रूप में राशि एकत्रितकरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संगठन के आशीष चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों में वरिष्ठ अजय रामावत, नाथुलाल पाटीदार, दीपक माहेश्वरी, राधेश्याम परमार 'दादुभाई', दीपेन्द्रसिंह सिसौदिया, मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी, मातृ शक्तियों में रेखा शर्मा, प्रफूल शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में अन्य पदाधिकारी-सदस्य उपस्थित रहे। अंत में आभार अभा ग्राहक पंचायत जिला सचिव अश्विन शर्मा ने माना।

# जिला महिला पतंजलि योग समिति का स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार

- महाकालिका माता मंदिर स्थित धर्मशाला पर किया गया कार्यक्रम



**झाबुआ।** 12 जनवरी, सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष जिला पतंजलि योग समिति द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग-प्रणायाम, आसन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समिति की समस्त महिलाओं ने सूर्य नमस्कार की विधि करने के साथ योग-प्रणायाम कर इससे होने वाले फायदों के बारे में बताया।

प्रारंभ में समिति की जिला महामंत्री एवं पूर्व आईएएस अधिकारी सूरज डामोर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने उद्बोधन में सूरज डामोर ने बताया कि स्वामी विवेकानंद के बचपन का नाम नरेंद्र था और उनके पिताजी का नाम विश्वनाथ था। एक बार उनके पिताजी ने उन्हें पूरा शहर घूमाया। विवेकानंदजी का ध्यान सिर्फ तांगे वाले के ऊपर गया, यह देखकर पिताजी को काफी गुस्सा आया। माताजी ने पास में बुलाकर घर में लगी तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा सारथी बनो, तो कृष्ण जैसा सारथी बनो। शिकागो की एक आध्यात्मिक सभा में जाने पर स्वामी विवेकानंद द्वारा कह गए शब्द मेरे अमेरिकन भाइयों और बहनों कहा गया तो पूरा हॉल तालियां की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समिति की मीडिया प्रभारी कल्पना राणे द्वारा स्वामीजी के जीवनकाल से संबंधित पांच अत्यंत महत्वपूर्ण बातें बताई गई। जिस पर आज की युवा पीढ़ी को अमल करना चाहिए। चिंतन करो, चिंता नहीं। उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। नारी का सम्मान करे। दया का भाव रखे। जब तक जीना, तब तक सीखना। एक समय में एक ही कम करो। यह दुनिया एक जीम है, यहां हम अपने आप को बनाने आते है।

### सूर्य नमस्कार से शरीर को ऊर्जा प्राप्त होती है

समिति की जिला प्रभारी एवं योग गुरू रुक्मणी वर्मा ने जानकारी दी कि सूर्य नमस्कार से संपूर्ण शरीर को आरोग्यता, शक्ति एवं ऊर्जा की प्राप्ति होती है। सभी अंग-प्रत्यंगों में क्रियाशीलता आती है। प्रत्येक मनुष्य को यदि संभव हो तो प्रतिदिन सूर्योदय के समय सूर्य नमस्कार आवश्यक रूप से करना चाहिए। इस अवसर पर समिति की जिला संगठन मंत्री मधु जोशी, माधुरी नीमा, नीता शाह, एडवोकेट ललित शाह, सन्नू डावर, पूनम सिन्हा, किरण सोनी, लता गुप्ता, शीतल तंबोली, लक्ष्य, शीला सक्सेना, रजनी पाटीदार, लीना पटेल, ज्योति जोशी आदि ने शहरवासियों से आव्हान किया कि सभी प्रतिदिन अलसुबह सूर्योदय के समय सूर्य नमस्कार आवश्यक रूप से करे एवं आरोग्यता प्राप्त करे।

## कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत गड़ात में खाटला बैठक

**आलीराजपुर ।** ग्राम गड़ात में संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत खाटला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति करना है। कलेक्टर माथुर ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में 'संकल्प से समाधान' अभियान प्रदेशभर में चार चरणों में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है।

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया

**आलीराजपुर ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलीराजपुर के मार्गदर्शन में ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' के अवसर पर सी.एम. राईज विद्यालय सोंडवा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय युवा दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने का महत्व और उद्देश्य आज के युवाओं को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें अपने देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक बनाना है। भारत की अधिकांश जनसंख्या युवा वर्ग की है। किसी भी देश का भविष्य उस देश के युवाओं पर निर्भर करता है क्योंकि युवा ही देश का बेहतर प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। देश के विकास के लिए युवाओं का शिक्षित और जागरूक होना जरूरी है। यदि आज के युवा आत्मविश्वास, साहस, सेवा और राष्ट्रप्रेम जैसे विचारों को जीवन में उतार लें, तो न केवल उनका भविष्य उज्जवल होगा, बल्कि देश भी नई ऊंचाइयों को छुएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट, मूल कर्तव्य एवं अधिकार, साइबर क्राइम, यातायात नियम के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही *NALSA (DAWN - Drug Awareness and wellness navigation - For a Drug-Free India) Scheme* 2025 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशे की लत केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि एक सामाजिक खतरा है। यह स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है और अपराध को बढ़ावा दे रहा है। केवल शिक्षा, सख्त नियमों, प्रारंभिक सहायता और जन जागरूकता के माध्यम से ही हम सभी के लिए एक सुरक्षित, नशामुक्त भविष्य का निर्माण कर सकते है।

## मकर संक्राति के पावन पर्व पर श्री कृष्ण गौ-सेवा सदन चारोलीपाड़ा में छप्पन भोग एवं गौ-महाआरती का होगा आयोजन

**झाबुआ।** मकर सक्रांति के पुनित पर्व के उपलक्ष में 14 जनवरी, बुधवार को श्री कृष्ण गौ-सेवा सदन चारोलीपाड़ा पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गौ-माता को छप्पन भोग लगाकर महाआरती का आयोजन किया जाएगा। बाद छप्पन भोग का आहार गौ-माताओं को करवाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक महासंघ जिलाध्यक्ष डॉ. नीरजसिंह राठौर उपस्थित रहेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति प्रमुख कन्हैयालाल राठौर ने बताया कि समिति द्वारा वर्ष 2009 से इस आयोजन को अनवरत किया जा रहा है। ब्रम्हलीन परम् पूज्य दंडी स्वामी श्री मोहनानंद सरस्वती द्वारा वर्ष 2009 में देवझिरी में गौशाला आरंभ की गई थी। पश्चात् स्वामी अखिलेश्वरानंदजी महाराज, जो तत्कालीन मप्र गौ-सेवा आयोग अध्यक्ष थे। जिनकी प्रेरणा एवं उनके सहयोग से नवंबर माह में वर्ष 2023 से इसे गोपाष्टमी से ग्राम चारोलीपाड़ा नवनिर्मित शासकीय गौशाला में स्थानांतरित कर दिया गया।

# घातक चायनीज मांझे के विरुद्ध अलीराजपुर पुलिस का जिला स्तरीय अभियान

**अलीराजपुर:** आगामी मकर संक्रांति एवं पतंगबाजी के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए, अलीराजपुर पुलिस द्वारा जनसुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए संपूर्ण जिले में 'विशेष सतर्कता अभियान' प्रारंभ किया हुआ है। जिले के समस्त थाना क्षेत्रों के अंतर्गत पुलिस बल द्वारा प्रतिबंधित चायनीज मांझे (नायलॉन डोर) के भंडारण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग के विरुद्ध प्रभावी चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है।

'चायनीज मांझे' का प्रयोग न केवल मानव जीवन के लिए प्राणघातक सिद्ध हो रहा है, इसकी गंभीरता को दृष्?टीगत रखते हुये प्रशासन द्वारा इसके उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है। अलीराजपुर पुलिस स्पष्ट करती है कि नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



**पुलिस प्रशासन इस अभियान के माध्यम से सभी से सहयोग की अपेक्षा करता है:**

- विक्रेता: प्रतिबंधित चीनी मांझे का भंडारण या विक्रय न करें। कानूनी रूप से यह दंडनीय अपराध भी है।
- अभिभावक: अपने बच्चों को चीनी मांझे के घातक परिणामों से अवगत कराएं।
- यदि आपके क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति या दुकानदार चोरी-छिपे इस प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय कर रहा है, तो इसकी सूचना अविलंब स्थानीय पुलिस थाने को प्रेषित करें। आपकी एक सजग पहल और जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार किसी परिवार की खुशियों को सुरक्षित रख सकता है। इसके विपरीत, नियमों की अवहेलना अथवा की गई एक छोटी सी गलती न केवल आपको कानूनी दुविधा (असुविधा) में डाल सकती है, बल्कि आमजन के लिए भी हानिकारक हो सकती है।

**'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प'**

**जिला पुलिस प्रशासन, अलीराजपुर**

एक नजर में — नगर में समरसता का परिचय देते हुए यात्रा में सभी सम्मिलित हुए

# पेटलावद में सनातन चेतना की ऐतिहासिक अगवानी, पद एवं वाहन यात्रा का स्वागत

**पेटलावद।** हिंदू समाज में जागरूकता, गौ-माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने तथा सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के उद्देश्य से निकली विशाल पद एवं वाहन यात्रा के पेटलावद नगर प्रवेश पर आस्था, उत्साह और श्रद्धा का अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला। नगर के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत कर पेटलावद ने स्वयं को धर्म और संस्कृति की भूमि के रूप में प्रतिष्ठित किया। बालाजी धाम गड़ावदिया के पीठाधीश्वर श्रीधर बैरागी जी महाराज के सानिध्य में निकली यह यात्रा जैसे ही नगर सीमा में प्रविष्ट हुई, वैसे ही ढोलढ़नगाड़ों, जयघोष, पुष्पवर्षा और भगवा ध्वजों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर यात्रा का अभिनंदन किया इस यात्रा में कथा प्रवक्ता सुश्री वैष्णवी भट्ट



पेटलावद, राधिका पोरवाल बेरछा प्रमुख रूप से सम्मिलित हुए। यात्रा दिनांक 11 जनवरी को गड़ावदिया से निकली जो की 12 जनवरी को देवझरी में जाकर पूर्ण हुई। अलग-अलग संगठनों ने निभाई स्वागत की भूमिका : पेटलावद नगर में धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापारी संघों, युवाओं के समूहों एवं राजनीतिक संगठनों ने अपने-अपने स्तर पर यात्रा का स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,अखिल भारतीय बलाई समाज, पुराना नाका मित्र मंडल, गुरूद्वारा समिति सहित कार्यकर्ताओं ने श्रीधर बैरागी जी महाराज का पुष्पहार पहनाकर तथा यात्रा में सम्मिलित संतों एवं भक्तों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया इसके साथ ही नगर के विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं सेवा समितियों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई, जिससे सेवा भाव का जीवंत उदाहरण देखने को मिला। पेटलावद में दिखी जन-जन की सहभागिता : यात्रा के स्वागत में बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की समान सहभागिता रही। जगह-जगह 'गौ-माता की जय', 'सनातन धर्म की जय' और 'बालाजी महाराज की जय' के जयघोष से नगर गुंजायमान हो उठा। पं. अरविंद गोपाल भट्ट ने स्वागत करते हुए कहा कि गुरूदेव की यह यात्रा एक नया आयाम बना रही है। जिसमें सभी एकजुट होगें और हम पेटलावद में उनका हार्दिक स्वागत करते हुए उनके परम लक्ष्य की प्राप्ती की प्रभु से प्रार्थना करते है। युवाओं ने विशेष रूप से आगे बढ़कर व्यवस्थाओं में सहयोग किया, वहीं बुजुर्गों ने आशीर्वाद देकर यात्रा को सफल होने की कामना की।

आस्था से अनुशासन तक पेटलावद बना प्रेरणा : यात्रा के दौरान अनुशासन, सेवा और श्रद्धा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। चिकित्सा दल एवं एम्बुलेंस की उपस्थिति से सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ रही पेटलावद में हुआ यह भव्य स्वागत न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकता का भी उदाहरण प्रस्तुत करता नजर आया। सनातन संस्कृति के संदेश के साथ आगे बढ़ी यात्रा: पेटलावद में ऐतिहासिक स्वागत के उपरांत यात्रा थांदला की ओर प्रस्थान कर गई, जहाँ रात्रि विश्राम एवं दिव्य दरबार आयोजित हुआ। हनुमान जी के धाम से प्रारंभ होकर शिव जी के पावन धाम देवझिरी तक पहुंची यात्रा सत्य, करुणा, गौ-सेवा और सनातन मूल्यों का संदेश जन-जन तक पहुंचा रही है।